# डाकघर के गेट पर जलभराव से ग्रामीण परेशान




**नवभारत, पाटन।** नगर के उपडाकघर के मुख्य गेट पर पानी की मुख्य लाइन में लीकेज होने की वजह से जल भराव होता है, जिसके कारण डाकघर आने वाले ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी के बहाव के कारण डाकघर के अंदर भी गंदगी हो जाती है, महीनों से चली आ रही है। इस समस्या पर नगरीय प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण डाकघर का मुख्य गेट बदहाली का शिकार बना हुआ है। प्रतिदिन नगर में जब पानी की सप्लाई प्रारंभ की जाती है तो लाइन में लीकेज होने की वजह से मुख्य गेट पर पानी और कीचड़ फैला हुआ नजर आता है। पाटन और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले सैकड़ो लोग इसी कीचड़ पानी से गुजर कर डाकघर पहुंचते हैं। डाकघर के अधिकारियों के द्वारा इस संबंध में लिखित रूप से नगरीय प्रशासन को 31 अक्टूबर एवं 2 जनवरी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है पर उसके बाद भी सफाई व्यवस्था और पानी के लीकेज का कोई समाधान नहीं निकल सका है। अधिकारियों द्वारा कई बार वार्ड के पार्षद दीपक जैन से भी इस संबंध में बात की गई और समस्या के निदान को लेकर कहा गया तो उनके द्वारा भी किसी भी प्रकार की पहल नहीं की गई है। अधिकारियों का कहना है कि आए दिन पानी की वजह से ग्रामीण दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं और फिसल कर गिर जाते है।

### इनका कहना है

पानी लीकेज के कारण ग्रामीणों और डाक विभाग के स्टाफ को खासी परेशानी हो रही है, नगरी प्रशासन को इससे अवगत कराया गया है पर कोई स्थाई समाधान नहीं निकल रहा है।

**एस के दुबे, पोस्टमास्टर पाटन**

नर्मदा परियोजना प्रबंधक को मामले के संबंध में पत्र लिख दिया गया है। सात दिवस के अंदर समस्या का निराकरण कर दिया जाएगा।

**जयश्री चौहान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पाटन**

## देरी से निकले सूर्यदेव पारा चढ़ा, ठंड से राहत

**नवभारत, जबलपुर।** शुक्रवार को मौसम का मिजाज बदला रहा। सूर्यदेव ने देरी से दर्शन दिए। सूर्यदेव की तपिश भी फीकी पड़ी रही। इसके साथ कड़ाके की ठंड का असर भी कम रहा। दिन और रात का पारा चढ़ने से ठंडी ने राहत दे दी है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री पर पहुंच गया जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक रहा। सुबह के वक्त आद्रता 89 और शाम को 64 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तर-पश्चिमी हवाएं तीन से चार किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली। मौसम विभाग की माने तो पश्चिमी विक्षोभ, ऊपरी वायुमंडलीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं निकटवर्ती क्षेत्रों में माध्य समुद्र तल से लगभग 3.1 किमी की ऊँचाई पर अवस्थित है मध्य एवं ऊपरी क्षोभमंडलीय स्तरों में एक टूफ माध्य समुद्र तल से लगभग 5.8 किमी की ऊँचाई पर उत्तर में विस्तृत है। उत्तर भारत के ऊपर माध्य समुद्र तल से 12.6 किमी घंटे की ऊँचाई पर लगभग 213 किमी प्रति घंटा गति से उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाएं बह रही है।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क को लेकर अनेक चर्चा

▸ **5 साल की गारंटी-संधारण में भी सवालों के घेरे में इंद्राना-सिमरिया छीतापाल मार्ग**




**मझौली/जबलपुर। भारत सरकार की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बने इंद्राना पीडब्ल्यूडी से सिमरिया चीतापाल मार्ग की हालत को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।**

2.352 किलोमीटर लंबा यह मार्ग निर्माण पैकेज एमपी 18 डब्लू बी 012 के अंतर्गत बनाया गया था, जिसकी पांच वर्षीय गारंटी एवं संधारण अवधि में रखरखाव कार्य अब चर्चा का विषय बन गया है। ग्रामीण विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा वित्तपोषित इस मार्ग के आगामी पांच वर्षों के संधारण कार्य की जिम्मेदारी मेसर्स मेकल कंस्ट्रक्शन, जबलपुर को सौंपी गई है। रखरखाव पैकेज क्रमांक एमपी 18एमटीएन 034 के तहत 19 जून 2025 से 19 जून 2030 तक कार्य किया जाना है। क्रियान्वयन एजेंसी मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना क्रियान्वयन इकाई, जबलपुर है। दस्तावेजों के अनुसार गारंटी-संधारण अवधि में घास-झाड़ियों की कटाई, रेनकट्स सुधार, सोल्डर संधारण, पॉटहोल व क्रेक भराई, नालियों की सफाई, पुल-पुलियों व रोड फर्नीचर का संचारण तथा रेलिंग-दीवार की पुताई जैसे कार्य निर्धारित आवृत्ति से किए जाने हैं। बावजूद इसके ग्रामीणों का आरोप है कि संधारण कार्य कागजों तक सीमित है, जबकि मौके पर सड़क की हालत बदहाल बनी हुई है।

हैरानी की बात यह है कि मार्ग की अमरीकृत लंबाई 2.352 किमी बताई गई है, किंतु कही पर भी सड़क निर्माण कार्य की लागत नही दर्शाई गई वहीं सीमेंट कांक्रीट मार्ग की लंबाई नगण्य है। पुल-पुलियों व रपटों की संख्या का स्पष्ट उल्लेख न होना भी पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है।

अब बड़ा सवाल यह है कि लाखों रुपये के रखरखाव बजट के बावजूद सड़क की दशा क्यों नहीं सुधर रही? क्या प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजन की पांच वर्षीय गारंटी-संधारण व्यवस्था सिर्फ फाइलों में चल रही है? ग्रामीणों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच और जिम्मेदार अधिकारियों-ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की है।

## नववर्ष पर आंगनवाड़ी में गूंजा बच्चों का उत्साह



**नवभारत, मझौली।** नववर्ष 2026 के शुभ अवसर पर आंगनवाड़ी भवन में एक भावनात्मक और प्रेरणादायी माहौल देखने को मिला, जब नन्हे बच्चों के साथ आत्मीय संवाद कर खुशियों भरी बातचीत की गई। बच्चों को नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए उनके सपनों, शिक्षा और स्वस्थ भविष्य पर प्रेरक चर्चा हुई, जिसने बच्चों के मन में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया। इस अवसर पर बच्चों के चेहरों पर उमंग, उत्साह और नई आशाओं की चमक साफ झलकती रही। सरल संवाद, स्नेहिल वातावरण और सकारात्मक शब्दों ने बच्चों को खुलकर बोलने और अपने सपनों को साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया। यह सार्थक गतिविधि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक घनश्याम रायपुरिया के मार्गदर्शन में विशेष रूप से संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास, संस्कार निर्माण और सकारात्मक वातावरण के सृजन पर विशेष जोर दिया गया। नववर्ष के आरंभ में आंगनवाड़ी स्तर पर किया गया यह संवाद न केवल बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास के लिए उपयोगी सिद्ध हुआ, बल्कि यह संदेश भी गया कि मजबूत भविष्य की नींव बचपन से ही स्नेह, संवाद और संस्कारों से रखी जाती है।

## आंखों में काली पट्टी बांधकर जेएनकेविवि में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन



**नवभारत, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर परिसर में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा, छात्रावास, शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को लेकर शुक्रवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के पदाधिकारियों द्वारा आंखों में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों का स्पष्ट संदेश था कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों की समस्याओं और सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर अपनी आँखें बंद कर रखी हैं। जिला अध्यक्ष सचिन रजक के नेतृत्व में इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कुलगुरु को विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय परिसर में समुचित सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने, सीसीटीवी निगरानी को प्रभावी बनाने, त्वरित शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करने की मांग की गई। साथ ही छात्रावासों की बदहाल स्थिति पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। इस मौके पर एनएसयूआई के करन तामसेतवार, प्रदेश सचिव अनुज यादव, पुष्पेन्द्र गौतम,अनिल मिश्रा, अभिषेक पटेल, शुभम यादव, राहुल रजक, अभिषेक पटेल,अपूर्व सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## भगवत प्रसाद तिवारी का निधन



**नवभारत,पनागर।** ग्राम पंचायत सिंगौद निवासी भगवत प्रसाद तिवारी 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप शिक्षक अरविंद तिवारी, नीरज तिवारी के पिताजी थे। अंतिम संस्कार ग्राम सिंगौद के स्थानीय शमशान घाट पर किया गया।


**पश्चिम मध्य रेल**

**जबलपुर मंडल-वाणिज्य विभाग**

**No. JBP/C/NFR/E-Tender/25 Date 30.12.2025**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है। **Sr.No.**-01-**Category**-पिपरिया स्टेशन पर मल्टी-फंक्शनल कॉम्प्लेक्स का प्रावधान।, **Tender Notice No. & Date**-MSS-JBP-PPI-MFC-111-25-1, **Assets Details-MFC**/पिपरिया स्टेशन पर अलग-अलग दुकानों/रेस्टोरेंट बजट होटलों के लिए मल्टी-फंक्शनल कॉम्प्लेक्स का प्रावधान और संचालन साथ ही, आस-पास के इलाके का रेनोवेशन और रखरखाव भी किया जाएगा। इच्छुक बोली लगाने वालों/एजेंसियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोली जमा करने से पहले साइट्स का दौरा करें ताकि लोकेशन, विजिबिलिटी, व्यवहार्यता और लोकेशन/ साइट के डाइमेंशन का सही आकलन कर सकें। लोकेशन रेलवे अधिकारियों के साथ मिलकर साइट इंस्पेक्शन के बाद फाइनल की जाएगी और तकनीकी व्यवहार्यता और सुरक्षा कारणों के आधार पर इनमें बदलाव हो सकता है। **Lot End Date/Time**-05/01/26 (15:30 hrs.), **Sr.No.**-02-**Category**-जबलपुर और मदनमहल रेलवे स्टेशन पर कचरा प्रबंधन सेवाओं (रीसायकल होने वाली चीजों को इकट्टा करना) को लागू करने हेतु निविदा।, **Tender Notice No. & Date**-MSS-JBP-JBP-WstMgt-113-25-1, **Assets Details**-जबलपुर और मदनमहल रेलवे स्टेशनों पर कचरा प्रबंधन सेवाओं (रीसायकल होने वाली चीजों को इकट्ठा करना) को लागू करना। **Lot End Date/Time**-07/01/26 (15:30 hrs.), **Sr.No.**-03-**Category**-कटनी स्टेशन पर चिकित्सा सुविधाएं हेतु निविदा।, **Tender Notice No. & Date**-MSS-JBP-KTE-MedStn-19-25-1, **Assets Details**-कटनी स्टेशन पर चिकित्सा सुविधाएं। **Lot End Date/Time**-08/01/26 (15:30 hrs.), **Sr.No.**-04-**Category**-रीवा, सतना, कटनी, कटनी मुरवारा, सागर और दमोह स्टेशन के पार्सल कार्यालय में दोपहिया वाहनों की पैकिंग।, **Tender Notice No. & Date**-MSS-JBP-KTE-TWnOPS-112-25-1, **Assets Details**-जबलपुर डिवीजन पश्चिम मध्य रेलवे के रीवा सतना, कटनी, कटनी मुरवारा, सागर और दमोह के पार्सल ऑफिस में पांच साल की अवधि के लिए दो पहिया वाहनों की पैकिंग के लिए निविदा। **Lot End Date/Time**-09/01/26 (15:30 hrs.), संभावित वोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Tender Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता.)

**सहायक वाणिज्य प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर


# दहेज प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने की थी खुदकुशी

▸ **मर्ग जांच में खुलासा: दहेज लोभियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज**



**नवभारत, जबलपुर।** शहपुरा थाना अंतर्गत पौड़ी में रहने वाली एक महिला ने दहेज प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या की थी। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने दहेज लोभियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक श्रीमति एकता पटैल 22 वर्ष निवासी ग्राम पौड़ी शहपुरा ने फांसी लगा ली थी। जांच के दौरान मृतिका के मायके एवं ससुराल पक्ष के बयान दर्ज किए गए जिसमें पाया गया कि एकता पटेल की शादी जनवरी 2022 में ग्राम पौड़ी निवासी रोहित पटेल के साथ हुई थी रोहित पटेल द्वारा माह अगस्त 2024 में ट्रेक्टर खरीदने के लिये लगातार रूपए की मांग रहा था। 4 फरवरी 25 की दोपहर एकता ने फांसी लगा ली थी जिससे उसकी मौत हो गई थी। जांच में पाया गया कि एकता पटेल को ससुराल पक्ष के माधुरी पटेल, पति रोहित पटेल, देवर आदर्श पटेल, जेठ अभिनव पटैल एवं निखिल पटेल द्वारा शारीरिक एंव मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था जिसके चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया था।

## कुख्यात बदमाश बम समेत गिरफ्तार



**नवभारत, जबलपुर।** गढ़ा पुलिस ने शातिर बदमाश को बम समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सर्वेन्ट क्वाटर निवासी सागर उर्फमान्या की पियूष बाल्मीक से पुरानी मारपीट को लेकर बुराई है। सागर उर्फमान्या देशी बम लेकर पियूष बाल्मीक को मारने की नियत से सर्वेन्ट क्वाटर वाली रोड़ पर घूम रहा है। सूचना पर सर्वेन्ट क्वाटर के पास दबिश दी गई। सागर बाल्मीक उर्फमान्या पिता बाबा डोनाईट उर्फबाबा डोनाल्ड 26 वर्ष निवासी आई टाईप कालोनी क्वाटर सर्वेन्ट क्वाटर गढ़ा को पकड़ा गया। जिसके कब्जे से दो सुअरमार बम जब्त किए गए। पकडा गया आरोपी सागर बाल्मीक उर्फ मान्या सुर्वे शातिर अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है जिसके खिलाफ मारपीट, दुराचार, आर्म्स एक्ट आदि के 17 प्रकरण दर्ज है।

## फ्लैट, कार की डिमांड, नवविवाहिता को घर से निकाला

▸ **पति, सास, ससुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज**

**नवभारत, जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत पिपपरिया में रहने वाली नवविवाहिता से दहेज में फ्लैट एवं कार की डिमांड कर दहेज लोभियों ने उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने आरोपित पति, सास, ससुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को श्रीमति रेशू जैन 24 वर्ष निवासी ग्राम चंद्रभान पिपरिया पाटन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी 8 मई 25 को पिसनहारी मढिया राहिल जैन से हुई थी, शादी के लगभग 10 दिन बाद पति गुडगॉव चले गये थे जो फोन कर बोले कि अपने माता पिता से गुडगॉव में फ्लैट दिलवाओ, ससुराल में सास वर्षा जैन, ससुर वीरेन्द्र जैन बोलते थे कि बच्चे की कहीं और शादी करते तो ज्यादा दहेज मिलता कहते हुये क्रेटा कार की मांग करने लगे, लगभग 6 महीने से पति सास ससुर उसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित कर दहेज की मांग करते रहे। पति जब जबलपुर आते है तो उसके साथ मारपीट करते है। पति 2 माह पूर्व उसके मायके में छोड गया है तभी से वह अपने मायके में रह रही है।

## बर्थडे पार्टी में चले लाठी-डंडे, दो घायल

जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत रिछाई में बर्थडे पार्टी के दौरान लाठी-डंडे चल गए जिसमें दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को साहिल कोल 16 वर्ष निवासी सरकारी स्कूल के पीछे रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मसाला फैक्ट्री रिछाई में काम करता है। 1 जनवरी की रात लगभग 11-30 बजे सरकारी स्कूल के पीछे रिछाई में अपने दोस्त ऋषि कोल, राजू कोल के साथ सागर कोल का जन्मदिन मना रहे थे उसी समय मोहल्ले के गुड्डू का साला उसे एवं ऋषि कोल को देखकर अकारण विवाद करने लगा, गुड्डू, सागर कोल, छोटू कोल ने मिलकर लाठी, डंडे से हमला उसे एवं ऋषि को चोटें पहुंचा दी।



## अंतरराज्यीय गिरोह को दबोचा

जबलपुर, नवभारत। ट्रेनों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का रेल पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1.40 लाख रुपये से अधिक का चोरी का सामान और नकदी बरामद की गई है। जांच में सामने आया है कि आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में 25 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। रेल पुलिस ने बताया कि आरोपियों को जबलपुर स्टेशन आउटर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों में सोनू उर्फ नितिन उर्फ करिया उर्फ बृजमोहन यादव (26), डब्बू उर्फ भोलाप्रसाद चिकवा (24), धनराज यादव उर्फ तीतूर (28) सभी निवासी मानिकपुर, जिला चित्रकूट (उत्तर प्रदेश) तथा नुरुद्दीन अंसारी (20) निवासी आधारताल, जबलपुर शामिल हैं। जांच में यह भी सामने आया कि सोनू यादव के खिलाफ अकेले 25 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जबकि धनराज यादव भी कई मामलों में वांछित है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग-डिण्डौरी, जिला-डिण्डौरी (म.प्र.)**

नि.आ.सू क्रमांक/13/ व.ले.लि./2025-26 — डिण्डौरी दिनांक 29/12/2025

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजीकृत समस्त निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी जिला डिण्डौरी के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यो की ऑन लाईन निविदा पोर्टल https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की गई है। कार्यो का विस्तृत विवरण बेबसाईट पर देखा जा सकता है :

| ई-टेंण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | निविदा खोले जाने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PWDRB _471298 | जिला चिकित्सालय डिण्डौरी में रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य। | 15.72 | 31500.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी |
| 2025_PWDRB _471299 | जिला चिकित्सालय भवन डिण्डौरी का रंगाई-पुताई कार्य। | 10.89 | 22000.00 | 2000.00 | | |

**निविदा की तिथि एवं शर्तें :-**

(1) ऑनलाईन निविदा प्रपत्र खरीदने की तिथि 29/12/2025 से 16/01/2026 सायं 5:30 बजे तक है।
(2) ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 16/01/2026 सायं 5:30 बजे तक है।
(3) टेण्डर डाक्यूमेंट, (e-EMD) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही सबमिट किये जायेंगे। निविदा दिनांक 19/01/2026 से खोली जावेगी।
(4) संशोधन या शुद्धिपत्र सिर्फ वेबसाईट में अपलोड किये जावेंगे।
(5) निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर भुगतान उपरांत प्राप्त हो सकेंगे। अतिरिक्त जानकारी वेबसाईट पर टेण्डर डाक्यूमेंट में देखी जा सकती है।

**(मोहपत सिंह धुर्वे)**
**कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग, डिण्डौरी**

जी-23752/25 — स्वभाव स्वच्छता,संस्कार स्वच्छता


# युवक पर चाकू से हमला

जबलपुर। गोहलपुर थाना क्षेत्र में बदमाशों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया।

पुलिस के मुताबिक एजाज अहमद 19 वर्ष निवासी गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात अपने साथी अयान एवं सोयब के साथ उर्द स्कूल के पास खडे होकर बात कर रहा था तभी कासिम एवं सोयेब अंसारी अपने अन्य साथियों के साथ आये एवं उससे शराब पीने के लिये रूपयों की मांग करने लगे रूपए नहीं दिने पर कासिम में हाथ मुक्कों से सिर चेहरे व सोयब अंसारी ने चाकू से हमला कर जांघ मे चोट पहुंचा दी।

## राष्ट्रीय बजरंग दल ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा लार्डगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत केशरवानी कॉलेज के पास लगातार गौवंश के शव मिलने की गंभीर घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान विभाग मंत्री एडवोकेट अमित उपाध्याय, महेश राठौर 'कवि', ऋषभ यादव, निखिल विश्वकर्मा, प्रकल्प अहिरवार, अंकित श्रीपाल सहित राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संगठन ने चेतावनी दी कि शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।


**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्र./ 950 अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक युगल किशोर जोशी पिता स्व. नित्यानंद जोशी निवास 3238/2 तुलसी नगर रांझी ने नजूल ब्लाक नं. प्लाट नं. निर्मित रकवा रकवा 2680 व.फु./ अवि. हिस्सा व.फु./हे. विक्रय पत्र / हक त्याग/ वसीयतनामा /दानपत्र/वारसान हक/ दिनांक 22/03/2013 मृत्यु दिनांक को हो जाने के कारण वारसान हक / क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संघारण खसरा / पटवारी /डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. प्लाट नं. निर्मित रकवा/रकवा 2680 व.फु./ अवि. हिस्सा व.फु. हे./ ग्राम रांझी प.ह.नं. खसरा नं. 40/2, 41/2, 243/1, 243/2 रकवा 2680 व.फु./हे. के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 12/01/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 17/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक :- 17/10/2025
पेशी दिनांक :- 12/01/2026

सील — **तहसीलदार रांझी, जबलपुर (म.प्र.)**



**कार्यालय अधीक्षक रानी दुर्गावती चिकित्सालय जबलपुर म.प्र.**

पता- मालगोदाम चौक के पास साउथ सिविल लाईन जबलपुर टेलीफोन नं. 0761-2625622
**वेबसाईट**-www.elginhospital.com **ई-मेल**-elginhospitaljbp@gmail.com

क्रमांक/विकासशाखा/2025/3040 — जबलपुर, दिनांक : 29/12/2025

**NOTICE INVITING E-TENDER**

FOR

**COMPREHENSIVE ANNUAL MAINTENANCE CONTRACT (CAMC)**
**ALL TYPES & VARIOUS MAKES AND MODELS**
**OF AIR CONDITIONERS (/SPLIT/DUCTABLE/CASSETTE) And Repairing**

SUPERINTENDENT RANI DURGAWATI HOSPITAL JABALPUR (M.P.) INVITES BELOW MENTION TENDERS ONLINE HTTPS://MPTENDERS.GOV.IN. BID FROM ELIGIBLE SERVICE PROVIDERS FOR COMPREHENSIVE ANNUAL MAINTENANCE CONTRACT (CAMC) FOR ALL TYPES & VARIOUS MAKES AND MODELS OF AIR CONDITIONERS (/SPLIT/DUCTABLE/CASSETTE) AND REPAIRING IN HOSPITAL AS GIVEN DOCUMENT FOR THE PERIOD FROM : **SCHEDULE OF EVENTS**

| S. No. | Tender Reference Number | Tender ID | Publishing & Bid Submission Start Date* | Pre Bid Meeting Date* | Bid Submission Closing Date* |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 223 | 2025_DHS_471301_1 | 05-01-2026 | 15-01-2026 | 31-01-2026 |

जी-23718/25 — स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता — **Superintendent Rani Durgawati Hospital Jabalpur (M.P.)**



**MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER O&M CIRCLE,**
**M.P.P.K.V.V.Co.Ltd., SAGAR**
**Telephone no. 07582-261360,261191, e-mail: se9551000@yahoo.co.in**

No. SE/O&M/Sagar/6117 — **NOTICE INVITING TENDER** — dtd:- 02.01.2026

Online Tenders are invited for Outsourcing of Unskilled, Semi-skilled and Skilled Manpower Required for Miscellaneous Works at O&M Circle, MPPKVVCL Sagar. The bid seals will be received online on the e-portal http://mptenders.gov.in, http://www.mpez.co.in up to date & time indicated below. The online tenders will be opened in the office of the undersigned as mentioned in tender time schedule (key date). If desired, the bidder or their duly authorized representatives may remain present at the time of opening of tender: -

| Sr. No. | Tender Specification No. | Name of the Work / Services | APPROX. VALUE (Rs. in Crores) | TENDER FEE (in Rs) | EMD (In Rs.) | Due date of Opening of Tender Online From 14:00 Hrs. (*) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TS No. SE/O&M/Sagar/ 6117 Dt. 02.01.2026 (e-Tender No. 2026_PKVVC_472 867_1) | Outsourcing of Manpower Required for Miscellaneous Works under the jurisdiction of O&M Circle MPPKVVCL, Sagar | 60.53 | 11800.00 | 1.00 Lakh | 29.01.2026 |

*For updated / extended due dates for opening of tender (EMD in, Cover -1 & Techno-commercial bid in Cover-2) please refer to the online key dates. Other details can be seen in the complete tender documents available on e-portal https://mptenders.gov.in

SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW

S.E. (O&M) MPPKVVCL, Sagar

अनुज तिवारी कार्या. सहा श्रेणी III

" विद्युत अनियमितता संबंधी शिकायत के लिए वी मित्र ऐप डाउनलोड करें और पाएं रू. 50,000 तक का इनाम। "



**कार्यालय वन मण्डलाधिकारी अनूपपुर वनमंडल**
**जिला-अनूपपुर (म.प्र.)-484224**

Phone No. 07659-222038 Mail : dfotanppur@mp.go.in

क्रमांक/ एन.आई.टी./ई-टेण्डर/2025/7075 — अनूपपुर दिनांक 25/12/2025

**ई-निविदा प्रेस विज्ञप्ति सूचना**

वन मण्डल अनूपपुर अंतर्गत वानिकी कार्यो में उपयोग हेतु सामग्री की आवश्यकता है। जिस हेतु वर्ष 2025-26 में सामग्री प्रदाय हेतु एम.पी. ई-टेन्डर पोर्टल पर ऑनलाईन पोर्टल https://mptenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु सामग्री का विवरण एवं स्पेशिफिकेशन निम्नानुसार है :-

**PRODUCT SPECIFICATIONS**

| क्र. | सामग्री का नाम | स्पेशिफिकेशन | ईकाई | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आर्गनिक मैन्यूर (जैविक खाद) | E- अन्य निमय एवं शर्ते के बिन्दु क्रमांक 44 में उल्लेखित है। | प्रति कि.ग्रा. | आवश्यकतानुसार |
| 2. | नीमखली | E- अन्य निमय एवं शर्ते के बिन्दु क्रमांक 38,39 के अनुसार। | प्रति कि.ग्रा. | आवश्यकतानुसार |

निविदा में भाग लेने तथा निविदा खोलने की तिथि एवं समय की जानकारी निम्नानुसार है :-

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date & Time | Date 26/12/2025 Time 11:00 AM | निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| Tender Sale Start Date & Time | Date 26/12/2025 Time 03:00 PM | |
| Pre Bid Meeting Date | Date............Time................AM | |
| Bid Submission Start Date & Time | Date 26/12/2025 Time 03:00 PM | |
| Bid Submission closing Date & Time | Date 19/01/2026 Time 11:00 AM | |
| Bid Opening Date & Time | Date 20/01/2026 Time 03:00 PM | |

निविदादाता निविदा की सूचना एवं सामग्रियों के विस्तृत विवरण हेतु एवं अन्य संबंधित जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in एवं विभाग की वेबसाईट https://mpforest.gov.in पर देख सकते है।

जी-23750/25 — //स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता// — **वन मण्डलाधिकारी वन मण्डल अनूपपुर**